Rajasthan Technical University, Kota

Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010

Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examconduct@rtu.ac.in

No. F-(23)/EXAM-CONDUCT/2020-21/5.216/ 10361-68 Dated: 23/12/2021

परिपत्र

(सानुग्रह/मर्सी अवसर परीक्षा 2020–21 के परीक्षा फॉर्म भरने के सम्बन्ध में)

विश्वविद्यालय आदेश क्रमांक F-(23)/RTU-EXAM CONDUCT/2020-21/5.222/ 7973-88 दिनांक 22.11.2021 के माध्यम से बी. टेक.–2006 से 2011, बी. टेक. लीप–2007 से 2012, बी.एच.एम.सी.टी.–2006 से 2011, बी. आर्क.–2006 से 2009 एम.सी.ए.–2006 से 2013, एम.बी.ए.–2006 से 2015, बी.बी.ए.–2013, एम.टेक. 2006 से 2015 एवं एम.आर्क. 2006 से 2015 के पाठ्यक्रमों व सत्रों में नामांकित विद्यार्थी जो निर्धारित/अनुमत समय सीमा में बकाया पेपर के कारण अपनी डिग्री पूर्ण नहीं कर पाये हैं, उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा एक अतिरिक्त (Additional Mercy Chance) सत्र 2020–21 की परीक्षा के रूप में प्रदान किया गया है।

इस सानुग्रह अवसर परीक्षाओं (विषम एवं सम सेमेस्टरों तथा वार्षिक पद्वति) के परीक्षा फार्म दिनांक **09.12.2021** से **05.01.2022** तक ऑन–लाइन भरवाये जा रहे है। सम्बन्धित परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय में नियत तिथि तक निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करवाकर ऑन–लाइन परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें। परीक्षा फार्म भरने से पूर्व अपने समस्त बकाया पेपर की सूचना सुनिश्चित कर लें। यदि छात्रों के पास बकाया पेपरो की अंकतालिका उपलब्ध नहीं है तो वह विश्वविद्यालय से परीक्षा वर्ष की सूचना के साथ डुप्लीकेट अंकतालिका हेतु आवेदन कर उसे प्राप्त करें व तत्पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरें। जिन छात्रों के मिडटर्म/सत्रांक के पूर्व प्राप्तांक कम है, वे उन विषयों के End Term/Practical विषय के साथ में इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा का आवेदन भरकर उसकी परीक्षा देवें। मिडटर्म/प्रायोगिक परीक्षा के लिये सम्बन्धित महाविद्यालय से सम्पर्क करें।

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध B. Tech, B. Arch, BHMCT, BBA, MCA, MBA, M. Tech व M. Arch. पाठ्यक्रमों के वे महाविद्यालय जो गत वर्षो में पूर्ण रूप से बन्द हो चुके हैं व उनमें वर्तमान में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कोई पाठ्यक्रम संचालित नहीं हैं ऐसे महाविद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं कि वे अपनी सम्बन्धित सानुग्रह/मर्सी अवसर परीक्षा (विषम एवं सम सेमेस्टरों तथा वार्षिक पद्वति परीक्षा 2019–20) का ऑन–लाइन परीक्षा फार्म निम्न नोडल केन्द्रों में से किसी एक केन्द्र पर भरना सुनिश्चित करें–

क्र.स.	महाविद्यालय/नोडल केन्द्र का नाम	पाठयक्रम/परीक्षा
1.	कम्प्युकॉम इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉरमेशन टैक्नोलॉजी एण्ड मेनेजमेन्ट, एस.पी.–05, 5ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, सीतापुरा, जयपुर (ऑन–लाइन)	All Courses

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Rajasthan Technical University, Kota

Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010

Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examconduct@rtu.ac.in

2.	कार्यालय, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा (ऑफ–लाइन)	All Courses

सम्बधित परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय पर उपस्थित होकर व बन्द हो चुके महाविद्यालयों की दशा में उक्त नोडल केन्द्रों पर नियत तिथि के भीतर तक कार्यालय समय के दौरान अपना परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें। महाविद्यालय अन्तिम तिथि को परीक्षा फार्म भरने की प्रकिया को अपने पोर्टल से पूर्ण करने हेतु 1 दिवस पूर्व परीक्षा आवेदन स्वीकार बंद कर सकता है, अतः छात्र अन्तिम तिथि का इंतजार किये बिना समय–सीमा के भीतर महाविद्यालय में उपस्थित होकर परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।

अधिक जानकारी के लिए परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rtu.ac.in के सतत सम्पर्क मे रहें।

(प्रो. धीरेन्द्र माथुर)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत हैः–

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय
2. डीन, फेकल्टी अफेयर्स, आरटीयू
3. निदेशक/प्राचार्य, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय
4. उप कुलसचिव (परीक्षा)
5. वेब मास्टर, आरटीयू
6. समस्त सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
7. डाटा प्रोसेसिंग एजेन्सी, आरटीयू
8. हेल्प–लाइन, आरटीयू

(सत्यपाल यादव)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)